दिल्ली अग्निकांड : कांग्रेस ने गिरफ्तारी पर सवाल उठाते हुए भाजपा को घेरा, धामी ने दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता से की बात

शेफ नेगी की गिरफ्तारी पर सियासी पारा चढ़ा

आक्रोश

देहरादून, मुख्य संवाददाता। दिल्ली अग्निकांड में गिरफ्तार पौड़ी के शेफ केशव नेगी पर उत्तराखंड में सियासी घमासान मच गया है। कांग्रेस ने नेगी की गिरफ्तारी पर सवाल उठाते हुए भाजपा सरकार को घेरा है। जबकि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से बात कर इस प्रकरण में मदद का भरोसा दिलाया है।

शनिवार को यह मामला सामने आने के बाद बड़ी संख्या में लोग सोशल मीडिया में केशव नेगी के समर्थन में खड़े हो गए हैं। लोगों का आरोप है कि इस मामले में दोषियों को बचाने के लिए शेफ केशव नेगी को बलि का बकरा बनाया जा रहा है। कई लोग इस मामले में सोशल मीडिया में अभियान चलाकर होटल कर्मी की गिरफ्तारी पर सवाल उठा रहे हैं और राज्य सरकार से पैरवी की भी मांग कर रहे है।

थलीसैण के रिखोली गांव के रहने वाले हैं नेगी : केशव नेगी पौड़ी के थलीसैण ब्लॉक के रिखोली गांव के रहने वाले हैं। हालांकि इन दिनों उनका परिवार दिलशाद गार्डन में रहता है। केशव की गिरफ्तारी से उनके परिजन भी खासे परेशान है। केशव की पत्नी सुंदरी देवी ने बताया कि उनके पति को अभी दिल्ली पुलिस ने थाने में रखा है। उन्होंने कहा कि उन्हें इस मामले में ज्यादा जानकारी नहीं है। इधर रिखोली के ग्राम प्रधान प्रेम लाल ने बताया कि केशव नेगी करीब 30 सालों से बाहर है। उनके परिवार के चचेरे भाई मनवर सिंह ने बताया कि वह दिल्ली से बीती 22 अप्रैल को पूजा कार्यक्रम में हिस्सा लेने गांव आए थे। उनका दिल्ली में मकान हैं।

केशव नेगी।

30 वर्षों से गढ़वाल से बाहर रह रहे हैं पौड़ी निवासी केशव नेगी

- केशव सोशल मीडिया में भी नेगी के समर्थन में उतरे लोग

निर्दोष के साथ न हो अन्याय : धन सिंह

कैबिनेट मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने कहा कि मालवीय नगर अग्निकांड प्रकरण में उत्तराखंड के केशव नेगी की गिरफ्तारी के मामले में यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि किसी निर्दोष के साथ अन्याय न हो।

प्रदेश सरकार हर संभव मदद के लिए तैयार : धामी

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार मालवीय नगर अग्निकांड में गिरफ्तार केशव नेगी व उनके परिवार के साथ पूरी तरह खड़ी है और इस मामले में हर संभव मदद की जाएगी। मालवीय नगर अग्निकांड के मामले में केशव नेगी की गिरफ्तारी के बाद मुख्यमंत्री धामी ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से बात की। धामी ने बताया कि दिल्ली कि मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया है कि किसी भी निर्दोष व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा तथा जांच तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर होगी। धामी ने केशव नेगी की बेटी कनिष्का नेगी से भी बात कर उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

केशव को बनाया जा रहा निशाना : गोदियाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने पौड़ी के शेफ केशव नेगी की गिरफ्तारी पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि केशव को बलि का बकरा बनाने की कोशिश सवाल खड़े करती है। यदि वे एक कर्मचारी के रूप में कार्यरत थे, तो मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उधर, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य और पूर्व सीएम हरीश रावत ने भी मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है।

सांसद बलूनी-त्रिवेंद्र ने कमिश्नर से की बात

देहरादून। इस मामले का संज्ञान लेते हुए गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी और हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र रावत ने दिल्ली पुलिस कमिश्नर से बात कर हर संभव कानूनी मदद करने की बात कही है। बलूनी ने केशव नेगी की गिरफ्तारी पर नाराजगी जाहिर की है। सोशल मीडिया में जारी बयान में सांसद अनिल बलूनी ने इस पर नाराजगी जताई और कहा कि वह परिवार को हर संभव मदद करेंगे। इधर, हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र रावत ने भी सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उन्होंने इस प्रकरण की जानकारी ली है।

अग्निकांड में मेरे पिता को फंसाया जा रहा : कनिष्का

देहरादून, मुख्य संवाददाता। दिल्ली अग्निकांड में गिरफ्तार केशव नेगी की बेटी कनिष्का नेगी ने कहा कि उनके पिता को इस मामले में बेवजह फंसाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मेरे पिता ने आग को बुझाने का प्रयास किया। होटल से कूदकर भाग रहे लोगों की जान बचाने की भी भरसक कोशिश की।

रविवार को 'हिन्दुस्तान' से बात करते हुए कनिष्का ने बताया कि जिस समय होटल में आग की घटना घटी, उनके पिता होटल में थे। जिस किचन में वह काम करते थे, वहां किचन से संबंधित बहुत सारा इलेक्ट्रिक सामान रखा था। इसके साथ गैस के सिलेंडर भी रखे गए थे। आग बहुत तेजी से फैली। उनके पिता ने उसे बुझाने का काफी प्रयास किया। जब धुआं बहुत ज्यादा हो गया तो उन्हें किचन से बाहर निकलने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने बताया कि उनके पिता और होटल के मैनेजर ने होटल मालिक को फोन कर दिया था। यही नहीं, जब भारी धुएं की वजह से उन्हें होटल से बाहर आना पड़ा तो उन्होंने होटल से बाहर कूदने वाले लोगों को चोट से बचाने के लिए जमीन पर गद्दे भी बिछाए। वहीं इस मामले में नैनीताल सांसद एवं पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और दिल्ली पुलिस कमिश्नर से फोन पर वार्ता की। सांसद ने मामले की निष्पक्ष और तथ्यपरक जांच सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

- केशव नेगी की बेटी बोली- पिता और मैनेजर ने मालिक को किया था फोन

कहा-मुख्यमंत्री ने दिया है मदद का भरोसा

कनिष्का ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ उत्तराखंड के कई लोगों का उन्हें फोन आया है। सीएम ने उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिलाया है। उन्होंने कहा कि उनके पिता किचन में काम करते थे। किचन में बहुत सारे चूल्हे और बिजली का सामान रखा गया था। इसने तेजी से आग पकड़ ली। उनके पिता को गिरफ्तार किया जाना गलत है।

राजकाज 30s

राज्यसभा सांसद डॉ. नरेश बंसल ने रविवार को मुख्य सेवक सदन पहुंचकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शिष्टाचार भेंट की। हिन्दुस्तान

सीएम से मिले सांसद डॉ. नरेश बंसल

देहरादून। भाजपा के राष्ट्रीय सह-कोषाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डॉ. नरेश बंसल ने रविवार को मुख्य सेवक सदन पहुंचकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शिष्टाचार भेंट की। दोनों नेताओं के बीच विभिन्न समसामयिक विषयों और प्रदेश के विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। भेंट के दौरान डॉ. बंसल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी एवं प्रेरणादायी नेतृत्व और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल मार्गदर्शन में उत्तराखंड निरंतर विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है।

कुंदन बने युवा सलाहकार कल्याण परिषद उपाध्यक्ष

देहरादून। भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कुंदन लटवाल को राज्य युवा सलाहकार कल्याण परिषद का उपाध्यक्ष बनाया है। गोपन विभाग ने दायित्व दिए जाने का आदेश जारी किया। लटवाल दो बार भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। उन्होंने राज्य युवा सलाहकार कल्याण परिषद का उपाध्यक्ष बनाए जाने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया। कहा कि युवाओं को आगे बढ़ाए जाने को लेकर प्रयास होगा।

विकास के साथ ही विरासत को संजोए रखना जरूरी

नई टिहरी। गणेश चौक बौराड़ी में आयोजित तीन दिवसीय पांचवें मैती मिलन मेले में कलाकारों ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को देर रात झूमने को मजबूर कर दिया। मेले में विभिन्न स्कूलों के मेधावी छात्र-छात्राओं से लेकर समाज में बेहतर कार्य करने वाले लोगों को भी सम्मानित किया गया। मेले में पहुंची ध्याणियों को कलऊ भेंट कर उनका आदर सत्कार किया गया।

राज्यपाल ने शोक जताया

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने वृक्ष मानव के नाम से प्रसिद्ध रहे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय विश्वेश्वर दत्त सकलानी की धर्मपत्नी भगवती देवी सकलानी के निधन पर शोक जताया है। उनके बेटे संतोष स्वरूप सकलानी लोक भवन में प्रोटोकॉल अधिकारी के पद पर तैनात हैं। राज्यपाल ने शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

हाईस्कूल शिक्षकों की गर्जना रैली आज

देहरादून। प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ से जुड़े राज्यभर के शिक्षक आज देहरादून में गर्जना रैली निकालेंगे। शिक्षक संघ ने 13 सूत्रीय मांगों को लेकर गर्जना रैली के तहत सचिवालय कूच करेंगे। रैली को विभिन्न संगठनों ने भी समर्थन दिया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विनोद थापा ने कहा कि आज गर्जना रैली में प्रदेशभर से शिक्षक देहरादून पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक संघ चरणबद्ध तरीके से आंदोलन चला रहा है।

टीईटी की अनिवार्यता खत्म की जाए

देहरादून। अखिल भारतीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ने 2011 से पूर्व नियुक्त भी शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से मुक्त रखने की मांग की है। राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश त्यागी और राष्ट्रीय महामंत्री सुभाष चौहान ने कहा कि सभी शिक्षक नियुक्ति के समय अपनी सभी अर्हताएं पूर्ण करके शिक्षा विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। अब 35-30 साल की सेवा के बाद उन्हें टीईटी करने के लिए कहा जा रहा है।

शिक्षकों को सीएम आवास कूच नहीं करने दिया गया

देहरादून, मुख्य संवाददाता। अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक शिक्षकों के मानदेय से वंचित पीटीए शिक्षक रविवार को मुख्यमंत्री आवास कूच नहीं कर पाए। पुलिस-प्रशासन के उन्हें गांधी पार्क में ही रोक लेने के बाद शिक्षकों ने यहां प्रदर्शन किया।

राजकीय मानदेय से वंचित पीटीए शिक्षकों ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास कूच का ऐलान किया था। इसके लिए राज्यभर से पीटीए शिक्षक देहरादून भी पहुंचे थे। दोपहर में जैसे ही उन्होंने गांधी पार्क से मुख्यमंत्री आवास कूच का प्रयास किया, उन्हें पुलिस और प्रशासन ने रोक लिया। प्रशासन की ओर से पीटीए शिक्षकों को बताया गया कि उन्होंने रैली के लिए अनुमति नहीं ली है। ऐसे में पीटीए शिक्षकों ने गांधी पार्क गेट पर ही प्रदर्शन करने के साथ नारेबाजी की। 2016 के बाद तैनात पीटीए शिक्षक राजकीय मानदेय की मांग कर रहे हैं। वह अभी स्कूलों में दो से तीन हजार रुपये महीने के मानदेय पर काम कर रहे हैं। उनका कहना है कि इतने कम मानदेय में उन्हें आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मानदेय से वंचित पीटीए शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा गया है।

- अशासकीय स्कूलों के मानदेय से वंचित पीटीए शिक्षकों का प्रदर्शन

राजकीयकरण पर फैसला ले सरकार

देहरादून। पेयजल के राजकीयकरण को लेकर दबाव तेज हो गया है। उत्तराखंड जल संस्थान अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने सीजीएम जल संस्थान को पत्र लिख कर जल्द राजकीयकरण पर फैसला लेने की मांग की।

महामंत्री नंदलाल जोशी ने कहा कि अधिकतर राज्यों में पेयजल राजकीय विभाग है। उत्तराखंड में पेयजल जैसे महत्वपूर्ण विभाग को भी राजकीय नहीं बनाया गया है।

हिमालयी राज्यों में भी पेयजल राजकीय विभाग है। उत्तराखंड में पेयजल को भी राजकीय विभाग बनाया जाए। यदि सरकार ने जल्द पेयजल को राजकीय विभाग बनाए जाने की दिशा में ठोस कार्रवाई नहीं की तो आंदोलन तय है।

महंगी बिजली से मिलेगी मुक्ति

देहरादून, मुख्य संवाददाता। उत्तराखंड में बिजली उपभोक्ताओं को महंगी बिजली से बचाने को बैटरी स्टोरेज पावर सिस्टम को मजबूत किया जाएगा। इसके लिए बैटरी स्टोरेज, पंप स्टोरेज पावर प्लांट को बढ़ावा दिया जाएगा। रिजर्व पावर मार्केट विकसित होगा। ताकि सुबह और रात के समय पीक टाइम पर बिजली सस्ती मिल सके।

इस रिजर्व पावर स्टोरेज सिस्टम के जरिए पावर ग्रिड को भी व्यवस्थित किया जाएगा। ताकि कभी भी बिजली की कमी और अधिकता के समय ग्रिड फेल होने की स्थिति पैदा न हो। ऐसे समय में यही पावर स्टोरेज सिस्टम असरदार साबित होंगे। उत्तराखंड में सर्दियों में सुबह छह से नौ बजे और शाम छह बजे से रात 12 बजे करीब बिजली की मांग सबसे अधिक होती है। इस दौरान बाजार में बिजली के रेट सबसे अधिक रहते हैं। इस समय बिजली की मांग पूरी करने को बाजार से महंगी बिजली लेकर उपभोक्ताओं को देनी होती है। ऐसे में यही पावर स्टोरेज सिस्टम राज्य के भीतर ही सस्ती बिजली उपलब्ध कराएगा। इसके साथ ही ग्रिड की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। बैटरी स्टोरेज, पंप स्टोरेज पावर प्लांट समेत अतिरिक्त बिजली उत्पादन क्षमता वाले बिजलीघरों का इस्तेमाल किया जाएगा। इससे ग्रिड संतुलन के साथ ही ग्रिड सुरक्षा सुनिश्चित होगी। बिजली की मांग और उपलब्धता में अंतर की स्थिति में दिक्कत नहीं आएगी।

आयोग ने मांगे आपत्ति और सुझाव

आयोग ने इस पूरे नए सिस्टम के लिए आपत्ति, सुझाव मांगे हैं। आयोग ने इस नई व्यवस्था में बेहतर काम करने वालों को ईनाम देने की भी व्यवस्था रखी है। इसके लिए उन्हें इंसेटिव मिलेगा। यदि करार के तहत स्टोरेज सिस्टम उपलब्ध नहीं हो पाता है तो जुर्माना भी लगाया जाएगा।

> नई व्यवस्था का ड्राफ्ट जारी किया गया है। इसमें आपत्ति, सुझाव मांगे गए हैं। पावर सेक्टर को मजबूत किए जाने की दिशा में ये नई व्यवस्था कारगर साबित होगी। ग्रिड संतुलित, सुरक्षित रहेगा। साथ ही पावर स्टोरेज सिस्टम विकसित होगा। इससे पीक टाइम पर बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।
> **-एमएल प्रसाद,** अध्यक्ष विद्युत नियामक आयोग

भर्ती विवाद की जांच मुख्य अभियंता कुमाऊं को

देहरादून। पेयजल निगम में 2005 में हुए भर्ती विवाद की जांच मुख्य अभियंता कुमाऊं आलोक कुमार करेंगे। इस मामले में शिकायत विद्युत यांत्रिक संवर्ग के दो इंजीनियरों की हुई है, लेकिन जांच के दायरे में कई लोग आएंगे। इस भर्ती में जनरल, ओबीसी, एससी की हर कैटेगरी में तय पदों से अधिक भर्ती हुई है। तय पदों से अधिक इंजीनियरों की भर्ती मामले में सचिव पेयजल रणवीर सिंह चौहान ने मुख्य अभियंता कुमाऊं आलोक कुमार की अध्यक्षता में जांच समिति गठित की है। इस समिति में महाप्रबंधक भूजल प्रणय पुरोहित, अधिशासी अभियंता विधि लिपिका कवि को सदस्य शामिल किया गया है। इस समिति को 15 दिन के भीतर अपनी जांच रिपोर्ट देनी है।

शिकायत प्रवीन कुमार राय और जितेंद्र सिंह देव की गलत नियुक्ति की हुई है। अब पड़ताल में चौंकाने वाले तथ्य सामने आ रहे हैं। हर कैटेगरी में अधिक इंजीनियरों की भर्ती की बात सामने आ रही है।

योजनाओं के रख-रखाव में बजट नहीं होगा खुर्दबुर्द

सख्ती

देहरादून, मुख्य संवाददाता। पेयजल योजनाओं में अब निचले स्तर पर किसी भी तरह की हेराफेरी नहीं हो सकेगी। योजनाओं की मरम्मत, रखरखाव से जुड़े कार्यों के लिए भी जल संस्थान मैनेजमेंट को अध्यक्ष जल संस्थान की मंजूरी लेनी होगी। अभी तक सभी औपचारिकताएं डिवीजन से मुख्यालय के बीच ही निपट जाती थी।

सालाना सवा करोड़ के करीब का बजट योजनाओं की मेंटनेंस और मरम्मत में ही खर्च हो जाता है। इसके साथ ही गर्मियों के लिए पेयजल व्यवस्था बनाने को भी जल संस्थान के स्तर से बड़ा बजट खर्च किया जाता है। इसमें डिवीजन अपने स्तर से प्रस्ताव बना कर सीधे मुख्यालय से मंजूर कराते हैं। इसके अलावा सीजीएम और जीएम स्तर पर भी ऑपरेशन एंड मेंटनेंस कार्यों की अप्रूवल दी जाती हैं। इन कामों में शासन से लेकर अध्यक्ष जल संस्थान को हवा तक नहीं लगती है। कई बार इन कार्यों और इन्हें दी जानी वाली मंजूरी पर सवाल उठते रहे हैं। इस बजट का एक बड़ा हिस्सा सालों से चुनिंदा डिवीजनों पर ही खर्च होता आया है। चाहे वो गर्मियों में पेयजल व्यवस्था सुचारु रखने का बजट खर्च हो या मुख्यालय स्तर से दी जाने वाली विशेष मंजूरियां, सभी डिवीजनों को बजट एक सामान्य रूप में आवंटित नहीं होता है। टैंकरों से पेयजल सप्लाई के मामले में भी डिवीजनों को बजट आवंटन में यही अंतर साफ नजर आता है। इन तमाम पहलुओं को देखते हुए अध्यक्ष जल संस्थान के रूप में सचिव पेयजल रणवीर सिंह चौहान ने शिकंजा कस दिया है।

राजस्व मद के बजट का भी देना होगा हिसाब

जल संस्थान प्रबंधन को अब राजस्व मद के बजट का मरम्मत, रखरखाव में होने वाले खर्च का ब्यौरा भी देना होगा। पेयजल, जलोत्सारण में सामान्य मरम्मत, रखरखाव मद में विभिन्न डिविजनों को राजस्व मद में प्राप्त पैसा मरम्मत, रखरखाव कार्यों के लिए दिया जाता है। अब इन कार्यों का अनुमोदन सीजीएम के साथ ही अध्यक्ष जल संस्थान से भी लेना होगा।

> जल संस्थान प्रबंधन को नई व्यवस्था बता दी गई है। अब पेयजल एवं जलोत्सारण में सामान्य मरम्मत, रखरखाव मद में दी जानी वाली सभी मंजूरियों को अध्यक्ष से भी अनिवार्य रूप से लेना होगा। राजस्व मद से प्राप्त पैसे का मरम्मत, रखरखाव में होने वाले खर्च का भी ब्यौरा देना होगा। **-रणवीर सिंह चौहान,** सचिव पेयजल

लापता ट्रैकर का नहीं चला पता

उत्तरकाशी। दयारा बुग्याल की ट्रेकिंग पर लापता हुई महिला का 10वें दिन बाद भी कोई सुराग नहीं मिल पाया है। रविवार को लापता युवती की तलाश के लिए हेलीकॉप्टर के माध्यम से दयारा बुग्याल के घने जंगलों में सर्च अभियान चलाया गया। इसके बाद भी लापता महिला का कहीं सुराग नहीं मिल पाया।

उत्तरकाशी के भटवाड़ी ब्लॉक के प्रसिद्ध दयारा बुग्याल ट्रैक पर महिला ट्रैकर का अचानक लापता होना बेहद चिंताजनक और रहस्यमयी बन गया है। नैनीताल की रहने वाली 24 वर्षीय बबीता पांडे जो कि एमबीए की छात्रा है, अपने दो पुरुष साथियों के साथ 29 मई को ट्रेकिंग पर निकली थी।

HONDA
बचत हर किलोमीटर पर
प्रति दिन ईएमआई ₹ 99*/-
किसी भी कम्पनी के पुराने वाहन के EXCHANGE पर ₹2500/-* का BONUS पाए*
NAYI Shine 100 DX
10lit. तक पेट्रोल फ्री
Free Body Cover
15% एसेसिरीज पर छूट
HONDA GENUINE 2 ISI HELMET FREE*
CSD & CPC FACILITY AVAILABLE
सैफसन होंडा
Saharanpur Road, D.dun 7060542625
Chakrata Rd. (PREMNAGAR) 8954167452
Condition apply*

पर्यटन मंत्रालय MINISTRY OF TOURISM
NCHMCT
Institute of Hotel Management, Dehradun
(Under the aegis of Ministry of Tourism, Govt. of India, Affiliated to NCHMCT, Noida)
PUBLIC NOTICE
Applications invited for vacant SC/ST seats for Academic Session 2026–2027
- Applications are invited from eligible SC/ST candidates for vacant seats in the 3-year B.Sc. HHA degree program for the Academic Session 2026–2027. This degree is awarded by Jawaharlal Nehru University (JNU), New Delhi.
- In addition, applications are invited from eligible candidates of all categories for admission to Craftsmanship and Diploma Programs.
- Government Scholarships available as per norms.
: www.ihmddn.com
: 9520006158/59/60
Principal, IHM Dehradun
Nimbuwala, Garhi Cantt., Dehradun-248 003

आयुर्वेदिक डॉक्टर करेंगे आंदोलन

देहरादून, मुख्य संवाददाता। आयुर्वेद एवं यूनानी चिकित्सा सेवा संघ ने आयुर्वेद निदेशालय में विभागीय संवर्ग का निदेशक नियुक्ति न होने पर नाराजगी जताते हुए आठ जून से आंदोलन का अल्टीमेटम दे दिया है।

आयुर्वेद एवं यूनानी चिकित्सा सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ नीरज कोहली और प्रदेश महासचिव डॉ हरदेव रावत ने मीडिया को जारी बयान में कहा कि आयुर्वेद डॉक्टरों की मांगों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा। इस वजह से डॉक्टरों को आंदोलन के लिए विवश होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि आंदोलन के कार्यक्रम के तहत आठ जून से 10 जून तक डॉक्टर काली फीती बांधकर कार्य करेंगे।

डॉक्टरों की प्रमुख मांगें

उन्होंने कहा कि डॉक्टर लंबे समय से विभाग में आईएएस अफसर को हटाकर विभागीय निदेशक की नियुक्ति करने की मांग कर रहे हैं। इसके अलावा एसीपी के मामले में कार्रवाई, सभी डॉक्टरों को डीएसीपी का लाभ देने, विभागीय ढांचे का पुनर्गठन, प्रमोशन के अवसर बढ़ाया जाना।

यूको बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) UCO BANK (A Govt. of India Undertaking) Honours Your Trust
अंचल कार्यालयः प्लॉट नं. 5, आई.टी. पार्क सहस्त्रधारा रोड देहरादून, उत्तराखण्ड 248001, फोन नं0 0135–2742811, 2742868
{नियम–8 (6)} अचल संपत्ति की बिक्री हेतु विक्रय सूचना
प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (सरफेसी) के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस। आम लोगो को और विशेष रुप से उधार लेने वाले और ऋणियों एवं जामानतदारों को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का कब्जा यूको बैंक, प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर दिनांक 29.06.2026 को दोपहर 01:00 बजे से सायं 05:00 बजे (10 मिनट को असीमित स्वतः विस्तार सहित है) ई–नीलामी द्वारा निम्नलिखित ऋणी/बंधककर्ता/जमानतदार के बकायों एवं ब्याज एवं खर्चो की वसूली हेतु विकय किया जाएगा। नीलामी प्रक्रिया का सम्पूर्ण विवरण नीचे दिया गया हैः–
सुरक्षित परिसंपत्तियों की अनुसूची

क्र. सं.	ऋणी और जमानतदार का नाम/पता	बंधक संपत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि	ई–नीलामी की दिनांक व समय	बोली जमा कराने की अंतिम दिनांक	मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि
1.	स्व.देव राज भाटिया पुत्र चमन लाल भाटिया सी– ब्लॉक, मंदाकिनी विहार, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून 248001, उत्तराखंड	समस्त सम्पत्ति का भाग भूमि और भवन (आवासीय) जिसकी क्षेत्रफल 168 वर्ग मीटर खाता संख्या 167, खसरा संख्या 123/2 मि० स्थित मौजा करनपुर खास, जनपद देहरादून यह संपत्ति श्री देव राज भाटिया के नाम पर दर्ज है, जैसा कि बुक नंबर 1, वॉल्यूम नंबर 1766, पेज 18 और ADF बुक नंबर 1, वॉल्यूम 1770, पेज 327 से 340 में सेल डीड नंबर 356 (दिनांक 10.01.2007) के तहत दर्ज है, जिसे सब–रजिस्ट्रार देहरादून के कार्यालय में रजिस्टर किया गया था। उक्त संपत्ति की चतुर्सीमा निम्नानुसार है– **पूर्व :** श्रीमती मधु की संपत्ति, **पश्चिम :** 24 फीट चौड़ी सड़क, **उत्तर :** श्री उमेश शर्मा की संपत्ति, **दक्षिण :** अन्य की संपत्ति	रू0 68.00 लाख रू0 68.00 लाख बोली वृद्धि राशि रू0 50,000/– कब्जा नोटिस की तिथि 16.08.2019 (भौतिक कब्जा)	29.06.2026 को दोपहर 01:00 से 5.00 बजे संपत्ति निरीक्षण की तिथि और समय 25.06.2026 प्रातः 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे के बीच कृपया संपर्क करें – श्री जीतेन्द्र पंडोलिया (मुख्य प्रबंधक) देहरादून मुख्य (8305533238)	29.06.2026 को सांय 04.50 तक	रू0 17,98,000/– लाख +ब्याज दिनांक 01.01.2013 से मांग सूचना दिनांक 13.05.2019

नियम एवं शर्तें– 1. बिक्री प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 के नियम एवं शर्तों के अधीन होगी। बिक्री से संबंधित नियमों व शर्तों की जानकारी दी गई वेबसाईट/वेबपोर्टल https://baanknet.com पर उपलब्ध है। 2. संपत्ति को जैसा है "जैसा है जहां है" तथा "जैसा है जो भी है" "जो कुछ भी है" के आधार पर विक्रय किया जा रहा है। 3. प्रतिभूत संपत्तियों का उपरोक्त विवरण प्राधिकृत अधिकारी की उत्तम जानकारी के अनुसार दिया गया है लेकिन इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि, गलती या चूक के लिए प्राधिकृत अधिकारी उत्तरदायी नहीं होगा। 4. बिक्री अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा दी गई ई–नीलामी प्लेटफार्म वेबसाईट https://baanknet.com के माध्यम से **दिनांक 29.06.2026 को दोपहर 1:00 बजे से शुरू होकर 5:00 बजे** समाप्त होगी। 5. बैंक द्वारा नीलामी में स्वयं द्वारा भाग लेने या स्वयं की और से बोली लगाने प्रतिनिधि को नियुक्त करने के लिये स्वतंत्र है। 6. बोली लगाने से पहले संपत्ति और विनिर्देश के बारे में खुद का निरीक्षण और संतुष्ट करना बोलीदाताओं की जिम्मेदारी होगी। इच्छुक खरीदार **25.06.2026 को सुबह 11.00 बजे और शाम 04.00 बजे** के बीच संपत्ति का निरीक्षण कर सकते है।
प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) अधिनियम 2002 के नियम 8 (6) के अधीन 30 दिवस की विक्रय की वैधानिक सूचना
दिनांकः 08.06.2026 स्थान– देहरादून प्राधिकृत अधिकारी, यूको बैंक

परिवहन विभाग में नौ अफसरों के तबादले

देहरादून। परिवहन विभाग में वार्षिक स्थानांतरण नीति के तहत नौ अफसरों के तबादले किए गए हैं। परिवहन मुख्यालय में तैनात सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी एल्विन रॉक्सी को सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन एवं सड़क सुरक्षा) हल्द्वानी बनाया गया है। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी उत्तरकाशी रत्नाकर सिंह को सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी दून, इसी पद पर दून में तैनात पंकज श्रीवास्तव को उत्तरकाशी भेजा है।

मुख्यालय में तैनात सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी आनंद कुमार जायसवाल को कर्णप्रयाग में प्रवर्तन एवं सड़क सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, संभागीय निरीक्षक संवर्ग में तैनात हरीश बिष्ट को कर्णप्रयाग, रुड़की से अजय आर्य को पिथौरागढ़, रामनगर से भानू प्रकाश बडोनी को पौड़ी, राजेश कुमार को पिथौरागढ़ से रुड़की और विकास कुमार को कर्णप्रयाग से दून स्थानांतरित किया।